**दिनांक : 07.02.2025** **समय : 07.10pm**

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- **मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा–** प्रदेश के थानों में अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारी पुरस्कृत किए जाएं।
- त्रिवेणी संगम महाकुंभ में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु लगा चुके आस्था की डुबकी।
- दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना कल, सभी तैयारियां पूरी।
- ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज योजना को लेकर महराष्ट सरकार से करेंगे चर्चा, मुख्यमंत्री ने की बैठक।

**समाचार विस्तार सेः–**

**आईपीएस मीटः मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में भारतीय पुलिस सेवा समागम–आईपीएस मीट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस बल के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश के थानों में अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारी को भी पुरस्कृत करने की परंपरा प्रारंभ की जानी चाहिए। उन्होंने पुलिस महानिदेशक से कहा कि वे कार्य प्रदर्शन के आधार पर प्रदेश के थानों की जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर ग्रेडेशन करें और अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत भी करें। इससे जनता के बीच प्रदेश और पुलिस की साख बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि आईपीएस सर्विस मीट सिर्फ एक समागम न होकर एक प्रशिक्षण कार्यशाला के रूप में ली जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार पुलिस बल को सर्व–संसाधनयुक्त कर अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। टीकमगढ़ जिले के बम्होरीकलां थाने को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सर्वश्रेष्ठ थानों की सूची में चिन्हित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ और थाना प्रभारी बम्होरीकलां सुश्री रश्मि जैन को इसके लिए सम्मानित किया।

**महाकुंभ**

त्रिवेणी संगम महाकुंभ में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लग त्रिवेणी संगम महाकुंभ में अब तक 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। ा चुके हैं। प्रयागराज में मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर तीन अमृत स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं का उत्साह बरकरार है। 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ में अभी 19 दिन बाकी हैं, ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को उम्मीद है कि स्नान करने वालों की संख्या 50 करोड़ से अधिक हो सकती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी 10 फरवरी को त्रिवेणी संगम में पवित्र अनुष्ठान में भाग लेने के लिए प्रयागराज आ सकती हैं।

**दिल्ली चुनाव मतगणना**

दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना कल होगी। इसके लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। दिल्ली की मुख्य चुनाव अधिकारी आर एलिस वाज ने बताया कि 70 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के फॉर्म 17 सी सहित चुनावी दस्तावेजों की जांच हो गई है। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया के दौरान किसी भी उम्मीदवार ने कोई शिकायत नहीं की। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों–ईवीएम को आयोग और पुलिस अधिकारियों की कडी निगरानी में स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मतगणना के लिए दिल्ली के 11 जिलों में 19 केंद्र बनाए गए हैं। करीब 12 हजार कर्मचारियों को मतगणना कार्य में लगाया गया है।

**लोकसभा–मृत्यु दर**

सरकार ने आज कहा कि देश में मातृ मृत्यु दर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि पिछले 30 वर्षों के दौरान वैश्विक स्तर पर इसमें 42 प्रतिशत की कमी आई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसी अवधि के दौरान शिशु मृत्यु दर में भी 69 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 55 प्रतिशत की गिरावट आई है। श्री नड्डा ने इसका श्रेय देश भर में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों और उपायों को दिया।

**ताप्ती बेसिन बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज योजना विश्व की सबसे बड़ी ग्राउण्ड रीचार्ज परियोजना है। इस अंतर्राज्यीय संयुक्त परियोजना का अवरोध अब दूर हो गया है और हम शीघ्र ही महाराष्ट्र सरकार के साथ चर्चा कर करार करने की ओर बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आज ताप्ती बेसिन मेगा रीचार्ज एवं कन्हान उप कछार परियोजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक की। उन्होंने कहा कि ताप्ती मेगा रिचार्ज योजना के जरिए हम महाऱाष्ट्र सरकार के साथ मिलकर ताप्ती नदी की तीन धाराएं बनाकर राष्ट्रहित में नदी जल की बूंद–बूंद का उपयोग सुनिश्चित कर कृषि भूमि का कोना.कोना सिंचित करेंगे।

## परीक्षा पे चर्चा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी दस फरवरी को देशभर के छात्रों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर रायसेन में तैयारियां जारी है। रायसेन के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों में जोरदार उत्साह देखा जा रहा है। अपने इस लोकप्रिय कार्यक्रम के जरिए पीएम जहां छात्रों के परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव को कम करने का प्रयास करते हैं। वहीं उन्हे परीक्षा को लेकर जरूरी टिप्स देंगे।**

### शिवराज–राज्यसभा

केंद्रीय कषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राज्य सभा में प्रश्नकाल के दौरान कषि संबंधी सवालों के जवाब दिए। उन्होंने ई–नाम पोर्टल, एफपीओ और एमएसपी सहित किसान कल्याण की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा–

### महाकुंभ दौरा – आकाशवाणी महानिदेशक

आकाशवाणी महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड ने आज प्रयागराज के महाकुंभ में आकाशवाणी के कैंप कार्यालय का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आकाशवाणी के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की और महाकुंभ के व्यापक कवरेज के लिए की गई व्यवस्था की समीक्षा की। आकाशवाणी ने 10 जनवरी को कुंभवाणी की शुरुआत की थी। इस कार्यक्रम को 103 दशमलव 5 मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी, न्यूज़ऑनएआईआर ऐप और ओटीटी वेव्स पर सुना जा सकता है।

### मौसम

मध्यप्रदेश एक बार फिर सर्द हवाएं चलने लगी हैं। आज राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के कई हिस्सों में ठिठुरन रही। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में पारा नीचे आया है। फरवरी में पहली बार दिन का तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया।

मौसम विभाग के अनुसार कल तापमान में 2–3 डिग्री की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। उत्तर भारत में बर्फबारी होने से हवा की रफ्तार बढ़ गई।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 8 फरवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने की संभावना है। इस वजह से प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

### समाचार संक्षेप में .....

- राज्य विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही अवधि का समय और बढ़ाने को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राजभवन में कांग्रेस विधायकों के साथ राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की।
- शिवपुरी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आईटीबीपी केंद्र पर आज मिनी स्पोर्ट्स डे मनाया गया। यहां विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि जागृत करने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।
- दक्षिण–पूर्व मध्य रेलवे के सिकंदराबाद डिवीजन में खम्मम स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते दोनों ओर की गोरखपुर एक्सप्रेस जहां 2 दिन रद्द रहेंगी वही 4 ट्रेनों को डायवर्टेड रूट से चलाया जाएगा।
- खंडवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, में आज आईक्यूएसी के तहत में स्वयं कोर्स रजिस्ट्रेशान एंड इश्यूएंस आफ सर्टिफिकेट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- शहडोल संभाग के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में भूमि विक्रय पर लगी रोक कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने हटा दिया है।
- झाबुआ जिले में निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 7 दिव्यांग दम्पत्तियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने पर प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की गई।
- जबलपुर में खाद्य पदार्थों की बर्बादी को रोकने के लिए राज्य शासन के पर्यावरण नियोजन और समन्वय संगठन (एप्को), डब्ल्यूआरआई इंडिया, जिला प्रशासन तथा जबलपुर नगर निगम ने मिलकर विशेष अभियान की शुरुआत की है।

................................